No. of Printed Pages : 7

**एम.आर.पी.-003**

00623

# रेडियो प्रसारण में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम
# ( पी.जी.डी.आर.पी. )

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2012

## एम.आर.पी.-003 : रेडियो लेखन

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** ***सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के **अंक समान** हैं।*

---

1. तम्बाकू के दुष्प्रभावों पर 5 मिनट की एक रेडियो वार्ता तैयार करें। 20

**अथवा**

रेडियो फीचर क्या है? एक 10 मिनट के रेडियो फीचर का आलेख (स्क्रिप्ट) तैयार करें।

2. नीचे दिए गए समाचारों के आधार पर तीन मिनट का एक रेडियो समाचार बुलेटिन तैयार करें। 20

(क) वाशिंगटन, 9 अक्टूबर। अमेरिकी विदेशी मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने रविवार को 21 वीं सदी के अहम मुद्दों को हल करने के लिए भारत, चीन और अमेरिका के बीच

'मज़बूत और सृजनात्मक' संबंधों पर बल दिया।

उन्होंने कहा, 'भारतीय नेतृत्व न केवल दक्षिण और मध्य एशिया बल्कि एशिया प्रशांत क्षेत्र में भी भविष्य को सकारात्मक रूप देने में मदद करेगा।' 63 वर्षीय हिलेरी ने कहा कि भारत, अमेरिका और चीन के बीच मजबूत संबंध के लिए उनका देश प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, 'हम जानते हैं कि यह हमेशा आसान नहीं होगा। कई ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दे हैं जिन पर हम एकमत नहीं हैं, लेकिन हमारे साझे हितों के अहम क्षेत्र हैं।'

उन्होंने कहा कि यदि हम 21 वीं सदी के कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों को सुलझाना चाहते हैं तो भारत, चीन और अमेरिका को मिलकर प्रयास करना होगा। पाकिस्तान-अमेरिकी संबंधों पर हिलेरी ने कहा कि मतभेद पैदा होने के बावजूद अमेरिका पाकिस्तान के साथ दीर्घकालिक संबंधों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

हिलेरी ने अफगानिस्तान की स्थिरता, सुरक्षा और समृद्धि के लिए दो अरब डॉलर (लगभग 98 अरब रुपये) की मदद के लिए भारतीय नेतृत्व को क्षेत्रीय साझेदारी का एक और उदाहरण बताया। भारत को परमाणु समझौता आगे बढ़ाने की ज़रूरत वाशिंगटन। हिलेरी क्लिंटन ने रविवार को कहा कि भारत के साथ असैन्य परमाणु सहयोग को विस्तार देने के लिए अमेरिका पूरी तरह प्रतिबद्ध है। भारत का जवाबदेही कानून अमेरिका सहित

कई परमाणु साझीदारों के साथ विवाद का विषय रहा है। इसमें परमाणु दुर्घटनाओं के मामले में विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर भारी जुर्माना लगाने का प्रावधान है। हिलेरी ने कहा, भारत का परमाणु दायित्व विधेयक 2010 अंतरराष्ट्रीय संधि 'कनवेंशन ऑन सप्लीमेंट्री कंपंसेशन' (सीएससी) के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत अपने परमाणु विधेयक का आकलन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आइएईए) की मदद ले सकता है।

(ख) नई दिल्ली, 9 अक्टूबर। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने प्रख्यात ग़ज़ल गायक जगजीत सिंह के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि अपनी मख़मली आवाज़ के लिए वह हमेशा याद किए जाएँगे। ख़ुद को जगजीत सिंह का प्रशंसक बताते हुए सिंह ने कहा कि इस महान गायक के अन्य प्रशंसकों के दुख में वह भी शामिल हैं।

जगजीत सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए सिंह ने कहा कि ग़ज़ल को आम लोगों तक पहुँचा कर उन्होंने भारत और विदेशों में अनगिनत संगीत प्रेमियों को अतुलनीय खुशी दी। उनकी आवाज़ मख़मली थी। उन्होंने कहा कि प्रख्यात ग़ज़ल गायक की संगीत की विरासत हमेशा लोगों का मनोरंजन करती रहेगी। 70 वर्षीय जगजीत सिंह का सोमवार सुबह मुंबई के लीलावती अस्पताल में निधन हो गया।

(ग) नई दिल्ली, 9 अक्टूबर। तिब्बत के लोगों के ख़िलाफ़ अत्याचार बंद करने की माँग को लेकर राजधानी स्थित चीन के दूतावास पर रविवार को तिब्बती छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन किया। छात्र चीन सरकार की नीति के विरोध में नारे लगा रहे थे।

दूतावास में घुसने की कोशिश कर रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया। पुलिस को उस समय पसीने आ गए, जब विरोध जताने के लिए एक छात्र सुरक्षा टावर पर चढ़ गया। बाद में पुलिसकर्मियों ने उसे समझा-बुझा कर उतारा।

छात्रों ने कहा कि चीन सरकार द्वारा तिब्बती लेखक, कलाकार और आम नागरिकों के साथ सौतेला व्यवहार चिंताजनक है।

प्रदर्शन कर रहे छात्रों की माँग है कि भारत, इग्लैंड और फ्रांस जैसे प्रमुख देश तिब्बतियों का साथ दें। चीन लगातार तिब्बत के लोगों की समस्यओं को नजरअंदाज कर रहा है, यह गलत है। तिब्बत के लोग न्याय और मानव अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहेंगे।

(घ) मुंबई, 9 अक्टूबर। देश के शेयर बाजारों में सप्ताह के पहले कारोबारी दिवस सोमवार को शुरुआती कारोबार में तेजी का रुख देखा गया। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 37.53 अंकों की बढ़त के साथ 16270.07 पर जबकि निफ्टी 4.80 अंकों की बढ़त के साथ 4886.85 पर खुला।

सुबह करीब 9.35 बजे बंबई स्टॉक एक्सचेंज [बीएसई] का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 37.34 अंकों की बढ़त के

साथ 16270.28 पर जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज [एनएसई] का निफ्टी 9.75 अंकों की बढ़त के साथ 4897.80 पर करोबार कर रहा था।

बीएसई के मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में भी तेजी का रुख था।

(ङ) ढाका, 9 अक्टूबर। भारत और बांग्लादेश की सेना ने रविवार को बांग्लादेश के सिलहट क्षेत्र में संयुक्त अभ्यास शुरु किया। यह अभ्यास दोनों देशों के सैन्य संबंध और आतंकवाद और उग्रवाद के मुकाबले के लिए सहयोग बढ़ाने के प्रयासों का हिस्सा है। चौदह दिनों तक चलने वाला यह अभ्यास 22 अक्टूबर को पूरा होगा। यह 'ऑपरेशन संप्रीति' का दूसरा चरण है। पहले चरण का अभ्यास पिछले वर्ष 1 से 4 नवंबर तक जोरहाट में किया गया था।

भारतीय वायुसेना का एक विमान मेजर एस वाई महादिक के नेतृत्व में 25 सैनिकों को जोरहाट हवाई अड्डे से लेकर सिलहट के उस्मानी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुँचा।

रक्षा मंत्रालय के एक प्रवक्ता के अनुसार, इस अभ्यास का मकसद दोनों देशों की सेनाओं में पेशेवर विशेषज्ञता विकसित करना व दोनों देशों की सेना का संबंध मज़बूत करना है। अभ्यास में भारत की 21 पैरा [स्पेशल फोर्सेज] बटालियन की लगभग 40 टुकड़ियाँ हिस्सा ले रही हैं जबकि बांग्लादेश ने एक पैरा कमांडो की एक बटालियन को लगा दिया है।

(च) चेन्नई, 9 अक्टूबर। फिरकी के जादूगर हरभजन सिंह की चतुराई भरी कप्तानी और कसी हुई गेंदबाजी के दम पर मुंबई इंडियंस ने अपने कम स्कोर का सफलतापूर्वक बचाव करके रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूर को 31 रन से हराकर चैंपियंस लीग टी-20 टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया है।

मुंबई इंडियंस की टीम जब 20 ओवर में 139 रन पर सिमट गई तो मैच पर बेंगलूर का पलड़ा भारी लगने लगा था। हरभजन ने हालांकि चेपक के धीमे विकेट पर अपने गेंदबाजों का अच्छी तरह से इस्तेमाल करके बेंगलूर के लिए यह स्कोर भी पहाड़ जैसा बना दिया। बेंगलूर की टीम आखिर में 19.2 ओवर में 108 रन पर ढेर हो गई। हरभजन ने चार ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि लेग स्पिनर युजवेंद्र चाहल ने तीन ओवर में नौ रन देकर दो विकेट हासिल किए। लसिथ मलिंगा ने भी 23 रन खर्च करके दो विकेट झटके। बेंगलूर का इस तरह से बड़े मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं करने पाने का खराब रिकार्ड बरकरार रहा। उसकी टीम दो बार आईपीएल फाइनल में हार चुकी है जिसमें इस साल का टूर्नामेंट भी शामिल है।

मुंबई इंडियंस की यह किसी भी टूर्नामेंट में पहली ख़िताबी जीत है जिससे उसे 25 लाख डालर की इनामी राशि मिली। दूसरी तरफ बेंगलूर को 13 लाख डालर पर ही

संतोष करना पड़ा। मुंबई की यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि सचिन तेंदुलकर, रोहित शर्मा और ज़हीर ख़ान जैसे खिलाड़ी चोटिल होने के कारण इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रहे थे। जेम्स फ्रैंलिन [41] ने मैच में सर्वाधिक स्कोर बनाया। उनकी बढ़िया बल्लेबाजी से मुंबई का स्कोर 14 वें ओवर में एक समय तीन विकेट पर 105 रन था लेकिन इसके बाद 11 गेंद और चार रन के अंदर चार महत्वपूर्ण विकेट गंवाने से वह चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा नहीं कर पाया।

3. बालिका शिक्षा पर 10 मिनट की रेडियो डॉक्यूमेंट्री के लिए स्क्रिप्ट तैयार करें। **20**

4. किसी निजी विश्वविद्यालय के लिए दो रेडियो विज्ञापन तैयार करें। **20**

**अथवा**

स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर रेडियो के लिए पाँच जन-सूचनाएँ तैयार करें।

5. रेडियो नाटक, रंगनाटकों से किस प्रकार भिन्न है ? उदाहरण सहित समझाएँ। **20**

---